## खबर संक्षेप

### आज से चैन्नई-गया एक्सप्रेस चांदा फोर्ट स्टेशन पर दो मिनट रूकेगी

**सतना।** रेल प्रसाशन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 12390 चैन्नई-गया एक्सप्रेस का चांदा फोर्ट स्टेशन पर प्रयोगिक तौर पर दो मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है। गाड़ी संख्या 12390 चैन्नई-गया एक्सप्रेस पुरट्चि तलैवर डॉ.एम.जी.रामचंद्रन (चैन्नई) सेंट्रल से प्रस्थान कर दिनांक 18 मार्च 20 25 से चांदा फोर्ट स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय रात्रि 23:34/23:36 बजे रहेगा। अब चैन्नई-गया एक्सप्रेस ट्रेन नेल्लौर,ओंगोल,विजयवाड़ा,वारंगल, बल्लारशाह, चांदा फोर्ट, नागभीड़ जंक्शन, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर, कटनी, सतना,मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भभुआ रोड,सासाराम एवं डेहरी ऑनसोन होते हुए गंतव्य को जाएगी।

### महीनों से बंद पड़ी एक्सरे मशीन, मरीज हो रहे परेशान




**मैहर।** मैहर सिविल अस्पताल की हालत किसी से छिपी नही है जहां एक ओर डॉक्टर की कमी से मैहर का जिला अस्पताल जूझ रहा है तो वहीं मौके पर मशीने भी धोखा दे जाती है कभी फिल्म के नाम पर तो कभी मशीन के पाट्‌र्स के नाम पर। आज लगभग एक महीने से मैहर सिविल अस्पताल की एक्सरे मशीन बंद पड़ी है जिसके चलते मरीजों को भटकना पड़ रहा है। जिस मरीज का एक्सरे किया जाना है उसे एवं उसके परिजनों को सलाह दी जाती है कि कहां से एक्सरे कराना है। इस तरह स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही मैहर की जनता के लिए लाभदायक नही है। चर्चा यही होती है कि मैहर में जितने प्राइवेट एक्सरे खुले हैं उनका संबंध सीधा डॉक्टरों से होता है और वे जितने केस आते हैं उसके अनुसार कमीशन तय होता है। अगर इमानदारी से जांच कराई जा जाए तो एक्सरे मशीन खराब होती नहीं कराई जाती है क्यों कि मरीजों को एक्सरे कराने के लिए लिखा जाएगा तो मरीज मजबूर होकर इन प्राइवेट एक्सरे मशीन वाली दुकानों में जाएंगे और डॉक्टर का जितना परसेंट तय होगा कमीशन भिजवा दिया जाएगा। इसी लूट के कारण मैहर सिविल अस्पताल की एक्सरे मशीन आए दिन खराब कर दी जाती है जिसका लाभ डॉक्टर से लेकर एक्सरे मशीन वाले को मिलता है। इस अस्पताल में आए दिन जन प्रतिनिधि जाते हैं फिर इस समस्या का हल क्यों नहीं निकालते हैं।<

### सीएम हेल्पलाइन में तीन दिवस में परफार्मेन्स सुधारे पीएचई: कलेक्टर



**सतना।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में गति लाकर अगले तीन दिन में परफारमेंस सुधारने के निर्देश दिये हैं। समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे,नगरनिगम आयुक्त शेर सिंह मीना,एसडीएम जितेन्द्र वर्मा,एपी द्विवेदी, सुधीर बेक,लोक निर्माण विभाग बीआर सिंह सहित जिला विभाग प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की ग्रेडिंग 24वें स्थान पर रहने पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता व्यक्त की। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग अपने सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों में शिकायतकर्ता से बातीचत करें और संतुष्टिपूर्ण निराकरण का प्रतिशत बढायें। उन्होंने कहा कि प्रयास करें कि उनका विभाग 'ए' श्रेणी में रहे और कम से कम 15वें स्थान पर आने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि पूर्व की बैठक में दिये निर्देशानुसार राजस्व विभाग को न्यूनतम 48 प्रतिशत और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को संतुष्टिपूर्ण निराकरण का प्रतिशत कम से कम 55 प्रतिशत लाने का लक्ष्य दिया गया था। प्रयास करें कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया जाये। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि ग्रीष्मकाल में हैण्डपम्प और पेयजल संबंधी समस्यायें बढ रही है। विभाग के अधिकारी फील्ड में सक्रिय रहे और प्रकरणों के निराकरण की गति बढाकर परफारमेंस सुधारे। तीन दिन का समय देकर कलेक्टर ने कहा कि सुधार नहीं होने पर कार्यपालन यंत्री और सभी सहायक यंत्रियों पर कार्यवाही की जायेगी।

# युवक को लाठी-डंडों से पीटा, मौत

## होली में रंग लगाने को लेकर 2 पक्षों में हुई थी मारपीट, 6 गिरफ्तार



**सतना।**

मैहर के अमदरा थाना क्षेत्र के धनेडी गांव में होली के दूसरे दिन रंग लगाने को लेकर हुए विवाद में एक युवक की मौत हो गई।15 मार्च को गोड़ और यादव परिवार के बीच हुए झगड़े में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। घायलों का इलाज कटनी जिला अस्पताल में चल रहा था। इनमें से 28 वर्षीय हर प्रसाद यादव की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना का एक वीडियो सामने आया है,जिसमें दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे को लाठियों से पीटते नजर आ रहे हैं।

### आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

पुलिस ने इस मामले में 6 आरोपियों को हिरासत में लिया है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि आरोपी कुल 8 हैं। दो आरोपी अभी भी फरार हैं। परिजनों ने बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। अमदरा टीआई संजय दुबे ने बताया कि एक व्यक्ति की मौत के बाद आरोपियों के खिलाफ हत्या की धारा भी जोड़ी जाएगी।

## चित्रकूट में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

### ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने का आरोप



**सतना।** चित्रकूट क्षेत्र के हनुमान धारा गांव में सोमवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका का नाम रेनू देवी प्रजापति बताया गया है। पिछले कुछ समय से अपने ससुराल में रह रही थी। रेनू की मौत के बाद उनके परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है।

### भाई ने ससुराल वालों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया

मृतिका के भाई वीरेंद्र कुमार ने आरोप लगाया है कि उनकी बहन रेनू को ससुराल पक्ष की ओर से प्रताड़ित किया जाता था,जिसके कारण उसकी मौत हुई। वीरेंद्र ने बताया कि रेनू के पति शिवपूजन प्रजापति और ससुराल पक्ष ने उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया, जिसके कारण उसकी जान चली गई। मृतिका के दो छोटे बच्चे हैं,एक साढ़े तीन साल का बेटा आयुष और एक साल की बेटी श्रेया है। वहीं ससुराल पक्ष का कहना है कि रेनू की मौत बिस्तर पर लेटे-लेटे हुई है और इसे किसी प्रकार की प्रताड़ना से जोड़कर देखना गलत है। नयागांव थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मृतिका के पति शिवपूजन प्रजापति को हिरासत में ले लिया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मऊगंज कांड: शहीद एएसआई के परिवार से मिले डीजीपी मकवाना
## एक करोड़ की सहायता राशि और एक सदस्य को नौकरी का दिया भरोसा





**सतना।**

मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने सोमवार को सतना के पवैया गांव में शहीद एएसआई रामचरण गौतम के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने शहीद की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।डीजीपी मकवाना ने शहीद के बेटों से उनकी शिक्षा के बारे में जानकारी ली। उन्होंने शहीद के बड़े भाई रामजी से परिवार में नौकरी के लिए एक सदस्य के चयन के बारे में चर्चा की। शहीद की पत्नी पुष्पा गौतम को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने कर्तव्य निर्वहन में शहीद हुए एएसआई रामचरण गौतम के परिवार को एक करोड़ रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है। साथ ही परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी भी दी जाएगी।

### यह था मामला

रविवार को मऊगंज जिले के गडरा गांव में हुई हिंसा के दौरान 25 वीं बटालियन भोपाल के एएसआई रामचरण गौतम शहीद हो गए थे। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव पवैया में राजकीय सम्मान के साथ किया गया। डीजीपी मकवाना घटना के बाद से लगातार स्थिति पर नज़र बनाए हुए हैं और रविवार को वे घटनास्थल का भी निरीक्षण कर चुके हैं।

## मैहर नगर पालिका की सफाई बंद, गंदगी से परेशान नगरवासी
### बजबजा रही गंदे पानी से भरी जाम नालियां, नागरिकों की आवाज को किया जा रहा अनसुना



**मैहर।** मैहर नगर पालिका अपना देश स्वच्छ का कितना पालन कर रही है यह तो मैहर नगर पालिका के अंतर्गत आने वाली 24 वार्डो में देखा जा रहा है कि सफाई व्यवस्था बंद होने से नगरवासियों को कितना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर वासियों के द्वारा बताया जा रहा है कि नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों की मनमानी के कारण नालियों की सफाई नहीं की जा रही है जिसके कारण नालियां जाम हो गई है और इस जाम के कारण गंदा पानी नहीं निकलता है जिसकी बदबू से घर में रहना दुश्वार हो गया है। सड़क के किनारे कचरे के ढेर लगे हुए कोई कचरा उठाने तक नहीं आता है।मैहर मां शारदा देवी के दर्शन करने हजारों लोग प्रतिदिन आते हैं और जब रेलवे स्टेशन से बाहर निकलते है तो दोनों सड़कों के किनारे गदंगी के ढेर लगे हुए नालियां जाम होने से गंदा पानी सड़क में फैल रहा जिसके छींटें उनके कपड़ो में पड़ते हैं देखकर कहते हैं कि यह कैसी मां की नगरी की सड़कों एवं नालियों की सफाई नहीं कराई जाती है। दीप पैलेस के पूर्व की ओर सड़क में गंदा पानी भरा हुआ इसे निकालने के लिए शायद मैहर नगर पालिका के जनप्रतिनिधि एवं इंजीनियरों के पास पावर नहीं है कि इस गंदे पानी का स्त्रोत कहां से खत्म किया जा सके। इसी प्रकार वार्ड नंबर के नागरिकों के द्वारा बताया गया है कि महीने में कभी कभार सफाई कर्मी आते हैं और सड़क साफ कर वहीं कचरा नालियों में भर देते हैं जिससे नालियां जाम हो जाती हैं।



## सरला नगर से लेकर झुकेही तक निर्मित सड़क में हुआ बड़ा भ्रष्टाचार
## कागजों में बन गई 43 किमी, नापी तो निकली 42 किमी की सड़क




**मैहर।**

लोक निर्माण विभाग में भ्रष्टाचार का एक बड़ा खेल सामने आया है जिसमें मुख्यमंत्री घोषणा वाली सड़क को विभाग के द्वारा 43,27 किलोमीटर सड़क को रिकॉर्ड कर भुगतान कराया गया है जब कि तकनीकी जानकारों से अगर वास्तविक भौतिक सत्यापन कराया जाये तो लगभग 42,27 किलो मीटर ही सड़क मौके पर माप में आयेगी क्यों कि मापक मीटर रीडिंग जीरो कर जब झुकेही से सरलानगर जीरो पर आते हैं तो मापक मीटर की रीडिंग में फर्क स्वयं स्पष्ट रूप से नजर आएगा और अगर जांचकर्ताओं के बाद यह सच हुआ तो लगभग 1 किलोमीटर सड़क निर्माण में लीपा पोती को स्पष्ट करेगा। जानकारी के अनुसार कार्यपालन यंत्री के मार्गदर्शन में यह सड़क बनाई जा रही थी। इन्हें समय-समय पर सड़क की क्वालिटी सड़क की माप जिसमें लंबाई अधिक रिकॉर्ड नहीं की जाये इसकी निगरानी करनी थी जो नहीं की गई साथ ही जो जगह-जगह रपटों के ऊपरी भाग जो तीन इंच का होना था उसमें कंक्रीट होती है उसमें सब में लोहा पड़ना चाहिए जो जांचों उपरांत पता चलेगा की पड़ा ही नहीं है साथ ही जो रिटेरिंग बॉल बनी हुई है उपर से पानी रोकने के लिये वह सब गुणवत्ता रहित बनी हुई है। बियरिंग कोट की गुणवत्ता भी अत्यंत ही खराब है। बताया जा रहा है कि यह लगभग सड़क 42.27 किलोमीटर की सड़क थी लेकिन पैसे के लालच में इसे 43.27 किलोमीटर दिखा दिया गया यानी कागजों में 1 किलोमीटर ज्यादा दिखाकर करोड़ रुपये निकाले गए हैं। इस बात की शिकायत पहले भी समाजसेवी ने मुख्यमंत्री,चीफ सेक्रेट्री और मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी को की थी। इस पर पीडब्ल्यूडी विभाग से टीम आज तक नही आई जिससें विधिवत जांच नहीं हो पाई है कि शिकायत सही है अथवा नही। पीडब्ल्यूडी विभाग के कौन अधिकारी दोषी हो सकते हैं इसकी जांच आवश्यक है। अब देखना यह है कि भारतीय जनता पार्टी एवं मध्य प्रदेश सरकार के इन दावों का क्या होगा जिसमें यह बोलते हैं कि भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण बनाना हमारा पहला लक्ष्य है। क्या क्वालिटी माप निर्धारित गाइडलाइन एवं संबंधित रोड की एनआईटी के अनुसार कार्य हुआ है या नही इसकी जांच कौन करेगा अथवा करोडों के भ्रष्टाचार पर पर पर्दा डालाने का काम इसी तरह किया जाता रहेगा।

### अस्थाई कनेक्शन को समय निकलते ही काटा जाएगा

**सतना।** विद्युत विभाग से अस्थाई कनेक्शन लेकर चलाते रहने वाले उपभोक्ता अब सतर्क हो जाए। विभाग ने सूची निकाल ली है जिन उपभोक्ताओं ने अस्थाई कनेक्शन मकान निर्माण के नाम पर लिया है और खंभे न लगवाते हुए,उसी कनेक्शन से घरेलू उपयोग किए जा रहे हैं,उन उपभोक्ताओं को अब विभाग कनेक्शन काटने जा रहा है। शहर में 936 उपभोक्ता ऐसे हैं जिन्होंने मकान निर्माण के अस्थाई कनेक्शन लिए हैं और उनकी समयावधि निकल गई है। विभाग ने उन्हें फरवरी में नोटिस जारी किया था और मार्च में 31 तारीख तक सभी कनेक्शन काट दिए जायेंगे। जिनकी सुरक्षा निधि है उनको संबंधित उपभोक्ताओं के खाते में वापस किया जाएगा। अब यदि वो उपभोक्ता कनेक्शन जारी रखना चाहते हैं तो फिर से नवीन अस्थाई कनेक्शन के लिए आवेदन करे,साथ ही ये भी लेख करके दे की नया स्थाई कनेक्शन कब ले लेंगे। यहां बताएं कि नया कनेक्शन स्थाई पोल से सिर्फ 50 मीटर की दूरी पर दिया जा सकता है,इस प्रक्रिया में विभाग विगत एक वर्ष से बिल्कुल टस से मस नहीं हो रहा है। अब यदि किसी का कनेक्शन इस दूरी से अधिक है तो उसे खुद के खर्चे में पोल लगवाना पड़ेगा। विभाग द्वारा यदि अस्थाई कनेक्शन में सख्ती बरती जाती है तो ऐसे में उपभोक्ताओं को स्थाई कनेक्शन लेने के लिए खुद खंभे लगवाने। साथ ही ऐसे कॉलोनी निर्माता या बिल्डर जो कि सिर्फ प्लॉट काटकर बिना कोई बिजली की सुविधा तैयार किए बिक्री कर रहे हैं उनपर भी लगाम लगेगी।ऐसे सभी टेंपररी उपभोक्ताओं को मार्च के बाद परमानेंट की तैयारी करनी होगी। सहायक अभियंता राजस्व अवनीश पांडे ने बताया कि माह मार्च के बाद ऐसे कोई अस्थाई कनेक्शन नहीं बचेंगे जो कि अपनी आवेदन के साथ दी गई अवधि को क्रॉस कर गए हैं। चूंकी अस्थाई कनेक्शन मकान निर्माण के लिए होता है तो उसमें अंदरूनी वायरिंग के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं होती है। चूंकी स्थाई कनेक्शन की निर्धारित दूरी 50 मीटर है तो ऐसे में उसके साथ नियमानुसार दस्तावेज लिए जाते हैं और अंदरूनी वायरिंग के संबंध में जानकारी भी ली जाती है। जो कि आवश्यक है। पर अस्थाई कनेक्शन चूंकी मकान बनाने के लिए होते हैं इसीलिए अंदरूनी वायरिंग निर्माण के पश्चात ही होती है। इसीलिए अस्थाई से घरेलू उपयोग सही नहीं है। ऐसे 936 कनेक्शन को चयनित किया गया है,जो कि अवधि से ऊपर हो गए हैं। इन्हें मार्च में समाप्त कर दिया जाएगा,और सिक्योरिटी को समायोजित या रिफंड कर दिया जाएगा।अप्रैल में कोई अवधि से ऊपर के अस्थाई नहीं रहेंगे। जिनकी भी अवधि निकल गई है वो दिनांक 17.03.25 से पावर हाउस कार्यालय में आकर निर्धारित नियमों पर कनेक्शन की कार्रवाई कर सकते है।



### राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक कल

**सतना।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक 19मार्च 2025 को सायं 5 बजे संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखडे ने बैठक में संबंधित अधिकारियों एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपस्थित रहने को कहा है।



## खबर संक्षेप

### पवई यूथ गेम्स नेशनल चैंपियनशिप 2025 में पवई के खिलाड़ियों का जलवा



**पवई।** पन्ना में यूथ गेम्स आपडेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित यूथ गेम्स नेशनल चैंपियनशिप 2025 में नया सबेरा नई उड़ान खेल अकादमी, पवई के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग में 4 और बालक वर्ग में 6 से शानदार जीत दर्ज कर अकादमी ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर अकादमी की अध्यक्ष वसुंधरा परमार ने विजेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर तरूण सिकरवार, प्रदेश उपाध्यक्ष खेल और खिलाड़ी प्रकोष्ठ एवं नया सबेरा नई उड़ान के संयोजक भी उपस्थित रहे। इसके अलावा गोसिया खान, डॉ. अंकित पांडे, चंद्रप्रताप सिंह, अमित अग्रवाल, राजेंद्र यादव, गुड्डू खली, और शरद नागर का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। पवई के खिलाड़ियों की इस शानदार सफलता ने पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह की लहर दौड़ा दी है।

### होली मिलन समारोह का आयोजन

**पन्ना।** अग्रवाल समाज की प्रतिष्ठित संस्था अग्र विकास समिति द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इस आयोजन में अग्रवाल समाज के परिवारों ने एकजुट होकर स्नेह भोज का आनंद लिया और इसके बाद पारंपरिक होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष ने बताया कि यह कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें समाज के प्रत्येक सदस्य को एक दूसरे के साथ संवाद का अवसर मिलता है, और विशेष रूप से बच्चों को समाजिक एकता और सांस्कृतिक धरोहर को समझने का मौका मिलता है। समिति अध्यक्ष ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक सदस्य को एक दूसरे से मिलवाना और होली जैसे त्योहार के माध्यम से समाज में भाईचारे और प्रेम की भावना को बढ़ावा देना है। वे यह भी कहते हैं कि यह आयोजन समाज को नई दिशा देने का कार्य करता है और युवाओं को पुरानी परंपराओं से जोड़ता है। यह समारोह नगर के प्रतिष्ठित रेनबो पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया, जहाँ समाज के सभी सदस्य एकत्रित हुए। आयोजन के दौरान सभी ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक तरीके से गुलाल और अबीर से होली खेली। इस दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि केवल प्राकृतिक और सुरक्षित रंगों का ही उपयोग किया जाए, ताकि स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। इस तरह के आयोजन न केवल समाज के अंदर एकता और सौहार्द बढ़ाते हैं, बल्कि यह नई पीढ़ी को सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों से परिचित भी कराते हैं। प्रत्येक व्यक्ति ने इस होली मिलन समारोह का भरपूर आनंद लिया और समाज के अन्य सदस्यों से जुड़ने का अनुभव किया।

### जिले व विभाग की रैंकिंग खराब होने पर पांच अधिकारियों पर कार्यवाही को लेकर कलेक्टर ने दिये निर्देश

# समाधान ऑनलाइन एवं सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का समयावधि में करें निराकरण

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा है कि आगामी 24 मार्च को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में प्रस्तावित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के दृष्टिगत संबंधित विभागों के अधिकारी चयनित विषयों से संबंधित प्रकरणों का समयावधि में शत प्रतिशत निराकरण करना सुनिश्चित करें। वर्तमान मार्च माह की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों सहित 100 दिवस से अधिक समयावधि की समस्त सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का भी तीन दिवस में प्रभावी तरीके से संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया जाए। कलेक्टर ने टीएल बैठक में विभागीय अधिकारियों को अन्य समस्त महत्वपूर्ण विषयों से संबंधित प्रकरणों में भी प्राथमिकता के साथ कार्यवाही कर त्वरित निर्णय लेने के निर्देश दिए।




कलेक्टर श्री कुमार ने विभागवार लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर लोक निर्माण विभाग, कुटीर एवं ग्रामोद्योग तथा वन विभाग के अधिकारियों को तत्परतापूर्वक प्रकरण निराकरण की कार्यवाही कर रैंकिंग में सुधार लाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही रैंक सुधार के दृष्टिगत परिवहन विभाग, राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रकरणों में भी अविलंब वांछित कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान राजस्व विभाग अंतर्गत तहसीलदार रैपुरा, देवेन्द्रनगर, गुनौर, पन्ना एवं पवई को पटवारी हल्कावार फार्मर रजिस्ट्री प्रोग्रेस की समीक्षा करने के लिए निर्देशित कर लापरवाही पटवारियों के विरूद्ध कार्यवाही के लिए कहा। इसी तरह दो दिवस में श्रम विभाग से संबंधित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में नगरीय निकायों के सीएमओ एवं जनपद पंचायत सीईओ को आवश्यक निर्देश दिए गए।

#### अवकाश स्वीकृति के लिए सीएमएचओ प्राधिकृत

जिला कलेक्टर ने टीएल बैठक के दौरान लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग अंतर्गत विकासखण्ड स्तर पर पदस्थ बाण्ड महिला चिकित्सकों के अवकाश स्वीकृति के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को अधिकृत किया। गत दिवस एक प्रकरण में बीएमओ द्वारा एक साथ समस्त महिला चिकित्सकों के अवकाश स्वीकृति के कारण हुई समस्याओं के दृष्टिगत सीएमएचओ को इस संबंध में निर्देशित किया गया है। बीएमओ द्वारा केवल अवकाश के संबंध में जरूरी अनुशंसा की जा सकेगी। कलेक्टर ने अतिरिक्त प्रभार वाले अधिकारियों को साप्ताहिक टीएल बैठक में वर्चुअल शामिल होने के लिए लिंक भेजने के निर्देश भी दिए। साथ ही किन्हीं कारणोंवश अवकाश अथवा मुख्यालय से बाहर रहने वाले अधिकारियों की अनुपस्थिति पर टीएल बैठक में विभाग का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिकारी को जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को जाति प्रमाण पत्र के मामलों में शासन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित कर अन्य क्षेत्र, जिले अथवा राज्य से संबंधित प्रकरणों में आवेदकों की सहूलियत के मद्देनजर वांछित प्रक्रिया का पालन एवं समन्वय कर जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जाति प्रमाण पत्र के मामलों को 121 में दर्ज करना प्रशासनिक कार्य है न कि न्यायिक। इसलिए तीन दिवस में ऐसे प्रकरणों में यथोचित निर्णय लेकर आवश्यक कार्यवाही की जाए।

#### पवई तहसीलदार के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश

कलेक्टर श्री कुमार ने सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत एल-1 स्तर पर शिकायत अटेण्ड न करने एवं जिले व विभाग की रैंकिंग खराब होने पर पांच अधिकारियों सहित तहसीलदार पवई प्रीति पंथी के विरूद्ध चार्जशीट तैयार कर कार्यवाही के निर्देश दिए। टीएल बैठक में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा बाह्य प्रकरणों तथा न्यायालयीन प्रकरणों में दाखिल जवाबदावा एवं लंबित व निराकृत प्रकरणों की जानकारी सहित संपर्क अधिकारी की नियुक्ति के संबंध में चर्चा की गई। निकायवार समग्र ई-केवायसी प्रगति, स्वरोजगारमूलक एवं केसीसी प्रकरणों में बैंक स्तर पर समन्वय, ग्रीष्म ऋतु में पेयजल समस्या के निराकरण तथा समस्यामूलक ग्रामों एवं बसाहटों के चिन्हांकन सहित जनपदवार बैठकों के माध्यम से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं द्वारा अविलंब विद्युत देयकों के भुगतान, उपार्जन की तैयारियों, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विभागीय योजनाओं में सेचुरेशन तथा विभाग द्वारा कार्ययोजना प्रस्तुत करने पर भी विचार विमर्श किया गया। फसल उपार्जन के लिए हुए पंजीयन के विरूद्ध तहसीलदार द्वारा सत्यापन कार्य में तेजी लाकर त्रुटिपूर्ण सत्यापन की रोकथाम के संबंध में निर्देश दिए गए। लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से शिक्षा विभाग के बीआरसी को पूर्व में वितरित जाति प्रमाण पत्र आवेदनों पर भी समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया।

# गुनौर में खुदी पड़ी सड़क के कारण आए दिन हो रहे हैवी वाहनों से हादसे, प्रशासन मौन




#### बायपास रोड होने पर भी हैवी वाहन नगर के अंदर से क्यों जाने दिया जाता है?

**गुनौर।** नगर परिषद गुनौर में लम्बे समय से मुख्य मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य चल रहा है जिसके कारण ज्यादा तक सड़क खुदी डली है जिसके कारण सड़क दुर्घटनाएं आए दिन हो रही है सोमवार को शाम लग भग 5रू15 बजे गुनौर से अमानगंज की ओर जा रही क्रेन मशीन ने गुनौर की ओर आ रही क्रेटा गाड़ी में एसबीआई एटीएम के पास सामने से टक्कड़ मार दी गाड़ी में सवार सभी लोग सुरक्षित बताए गए बड़ा हादसा टला। भीड़भाड़ वाले इलाके से लगातार हैवी वाहनों का आना-जाना बना रहता है जिसके कारण नगर के लोग महफूज़ नही है समाचार पत्रों के माध्यम से पूर्व में भी प्रशासन से अपील की जा चुकी है की बाईपास सड़क का निर्माण हो चुका है फिर भी हैवी वाहनों को शहर के अंदर से भीड़ भाड़ वाले इलाके में चलने की परमिशन नहीं होनी चाहिए जिससे आए दिन सड़क में जाम लगा रहता है और एक्सीडेंट जैसी घटना भी हो रही है परंतु प्रशासन में आज तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की है जिसका परिणाम है यह है की सोमवार को शाम बड़ा सड़क हादसा टला। एक तरफ नगर के अंदर सीसी रोड का निर्माण हो रहा है जिसके कारण सड़क खुद ही पड़ी है वही पोल शिफ्टिंग का काम भी कछुआ चाल चल रहा है जिसके कारण यातायात प्रभावित हो रहा है लोगों का कहना है कि प्रशासन एवं सड़क निर्माण एजेंसी इस पर ध्यान दें और समय पर कार्य को पूरा कराएं सुरक्षा की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए एवं हैवी वाहनों को नगर के अंदर से न जाने दे जिसके लिए प्रशासन ध्यान दें अन्यथा किसी भी दिन सड़क हादसे में जनहानि भी हो सकती है।

## अंधेर नगरी चैपट राजा की तर्ज पर चल रही ग्राम पंचायत गड़ोखर, मामला जनपद पंचायत गुनौर



**अमानगंज।** ग्राम पंचायत गड़ोखर में सरपंच की आड़ में इन दिनों पटकथा संचालन दबंग फर्जी लोगों के द्वारा किया जा रहा है। सूत्रों से ज्ञात हुआ है की फसल सुरक्षा दीवार जो की 15 लख रुपए की राशि से निर्माण कार्य मही लाल के खेत से अच्छे लाल के खेत की ओर चल रहा है। जिसमें फर्जी हजारी डालकर राशि निकाली जा रही है एवं जिस कच्चे पत्थर से फसल सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य कराया जा रहा है वह पानी गिरने पर पूरी तरह से खुलकर नष्ट हो जाएगा, पन्ना जिले में सबसे घटिया पत्थर का उपयोग ग्राम पंचायत गड़ोखर में किया जा रहा है जो बरसात आने पर पूरी तरह से पत्थर नष्ट हो जाएगा और शासन की 15 लाख रुपए की राशि का नुकसान होगा। ग्राम पंचायत गड़ोखर में जनता द्वारा केवलिया चैधरी को अपना जनप्रतिनिधि सरपंच पद पर चुना था परंतु जनता की उम्मीदें उस समय समाप्त हो गई जब किसी दबंग के द्वारा सरपंच को अपनी कैद में कर लिया गया और भ्रष्टाचार सहित ग्राम पंचायत के निर्माण कार्यो में अपनी मनमर्जी से कार्य कराए जा रहे हैं सरपंच केवलया चैधरी को मोहरा बनाकर भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है पन्ना जिले के नवागत जिला सीईओ क्या ग्राम पंचायत द्वारा कराए जा रहे घटिया स्तर के पत्थरों से फसल सुरक्षा दीवार के निर्माण कार्य पर रोक लगा पाएंगे? या संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी कमीशन के चक्कर में शासन की राशि को ठिकाने लगाएंगे, जो भी हो यह तो जांच के बाद ही तय होगा। इस विषय में जब जनपद के प्रभारी सीओ से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उन्होंने कहा की फसल सुरक्षा दीवार के निर्माण कार्य की जांच कराएंगे।

# डॉ गोविंद राम प्यासी को पुत्र शोक

## उप सरपंच कृष्ण कुमार प्यासी का अचानक निधन कमताना, अमानगंज में शोक की लहर



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम कमताना विप्र समाज के प्रतिष्ठ प्यासी परिवार के सदस्य डॉक्टर गोविंद राम जी प्यासी के बड़े पुत्र कृष्ण कुमार प्यासी( बबलू भैया) उप सरपंच कमताना का अचानक निधन हो जाने से उनके परिवार पर एक बड़ा दुख पहाड़ टूट पडा उनकी उम्र तकरीबन 46 वर्ष की थी वह उत्साही एवं समाज सेवी व्यक्ति होने के साथ ही विकास के नए-नए सपने गांव के लिए देखा करते थे भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्य होने के साथ ही आप मैदानी कार्यकर्ता थे जो भाजपा संगठन के लिए दम से संघर्ष करते थे 14 मार्च को उन्हें अचानक पेट में दर्द हुआ जब वह खेत थे और दर्द की हालत बढ़ती देख सीधा पन्ना इलाज कराने निकल गए और राहत न मिलने से पन्ना से सीधा झांसी ले जाया गया जहां इलाज में उन्हें कुछ राहत मिली अगली सुबह सीने में भी दर्द बना झांसी से कही और इलाज हेतु ले जाया जाता इसके पहले ही उन्हेंने दम तोड़ दिया। आपका अंतिम संस्कार आज 16 मार्च को ग्रह ग्राम कमताना के शमशान घाट पर पूरे हिंदू रीति रिवाज के साथ किया गया जहां आपको मुखाग्नि आपके 13 वर्षीय पुत्र अक्षत द्वारा दी गई इस मौके पर स्थानीय एवं क्षेत्रीय आम मानस की भारी उपस्थिति देखने को मिली जिन्होंने नम आंखों से आपको अंतिम विदाई देते हुए आपकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से

# मानसिक स्वास्थ्य, नशामुक्ति के संबंध में योगा अभ्यास एवं परामर्श हेतु आयोजित की गई 1 दिवसीय कार्यशाला

### पुलिस ईकाई के लगभग 200 अधिकारी/ कर्मचारी कार्यशाला में हुए सम्मलित






**पन्ना।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा मानसिक स्वास्थ्य, नशामुक्ति के संबंध में योगा अभ्यास एवं परामर्श हेतु जिला स्तर पर एक दिवसीय शिविर/कार्याशाला आयोजित किये जाने हेतु आदेशित किया गया था। पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती बंदना सिंह के मार्गदर्शन में आज दिनांक 17/03/2025 को पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल पन्ना में एक दिवसीय शिविर/कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधिकारी/कर्मचारी एवं पुलिस परिवार के लोगो को आहार और पोषण, मानसिक स्वास्थ्य तथा नशामुक्ति के संबंध में जानकारी दी गई। उक्त शिविर में व्याख्याता के तौर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना सिंह चैहान, जिला चिकित्सालय पन्ना से डॉ0 महका झाँ, बी0 के0 डॉ0 रीना दीदी ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जिला पन्ना, सीता वंदन (प्रजापति ब्रम्हकुमारी आश्रम), शेख अंजाम (उन्नत शेखर संघर्ष समिती) द्वारा पुलिसकर्मी तथा उसके परिवार को आहार और पोषण, मानसिक स्वास्थ्य तथा नशामुक्ति के बिषय में अपने अपने व्याख्यान दिये गये। उक्त शिविर/कार्यशाला के दौरान रक्षित निरीक्षक पन्ना खिलावन सिंह कंवर, पुलिस अधीक्षक कार्यालय पन्ना एवं पुलिस लाइन पन्ना में तैनात करीब 200 पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शाहनगर थाना क्षेत्र में मारपीट कर हत्या करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

### आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद




**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस. थोटा के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना चैहान व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पवई श्री राजेन्द्र मोहन दुबे के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी शाहनगर उनि मनोज यादव के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा हत्या करने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर जेल भेजा गया है। दिनांक 14/03/25 को फरियादी अरूण चैधरी उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम अरथाई थाना शाहनगर जिला पन्ना द्वारा थाना शाहनगर में रिपोर्ट की गई कि आज शाम को करीब 05 बजे मैं अपने बहनोई धर्मेन्द्र चैधरी के साथ मोटर साइकिल से घर तरफ आ रहा था। मेरे घर के पास बनी पुलिया के पास ग्राम टूडा के 03 व्यक्ति खड़े मिले जिन्होने मेरी मोटरसाइकिल को रोक कर जातिसूचक शब्दो की गालियाँ देने लगे। हम लोगो (मै एवं मेरे बहनोई धर्मेन्द्र चैधरी ) ने उन्हे गाली देने से मना किया तो वो लोग हमारे साथ मारपीट करने लगे। मौके पर उन लोगो के 02 अन्य साथी भी आ गये जो कहने लगे मारो इन लोगो को इनके बहुत भाव बढ़ गये हैं। हम लोगो के चिल्लाने की आवाज सुनकर मेरे पिता डरूं चैधरी मौके पर बीच बचाव करने आ गये। तभी उनमें से एक व्यक्ति ने जान से मारने की नीयत से मेरे पिता डरूं चैधरी के सिर में एक डण्डा मारा। डण्डा लगने से मेरे पिता के सिर से खून बहने लगा। सिर में गंभीर चोट लगने पर मेरे पिता मौके पर ही वो बेहोश होकर गिर गये। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना शाहनगर में आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 82/25 धारा 296, 115(2), 351 (3), 126 (2), 109(1), 3(5) बी एन एस 3(1) (द), 3(1) (ध), 3(2) (अं) एस सी/ एस टी एक्ट का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। मामले में गंभीर रूप से घायल डरूं चैधरी की ईलाज दौरान मृत्यु हो जाने से मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 103 (1) बी एन एस का इजाफा किया गया है। मामले की सूचना थाना प्रभारी शाहनगर उनि मनोज यादव द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्ण एस. थोटा द्वारा मामले को गंभीरता से लिया गया। मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना चैहान व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पवई श्री राजेन्द्र मोहन दुबे के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी शाहनगर उनि मनोज यादव के नेतृत्व में हत्या करने वाले आरोपियों की तलाश पतारसी एवं गिरफ्तारी हेतु एक पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा हत्या करने वाले आरोपियों की तलाश पतारसी हेतु लगातार प्रयास किये गये। गठित पुलिस टीम द्वारा थाना स्तर पर अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिसके फलस्वरूप दिनांक 17/03/25 को मुखबिर द्वारा थाना प्रभारी शाहनगर को सूचना दी गई कि मामले के 05 संदेही व्यक्ति ग्राम टूडा के बाहर बने माध्यमिक स्कूल के पास कही बाहर जाने की फिराक में खड़े हैं। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर 05 संदेही व्यक्तियों को घेराबंदी करके पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त संदेहियों से पूँछताछ किये जाने पर संदेहियों द्वारा अपने-अपने नाम पता पुलिस टीम को बताये गये। घटना के संबंध में पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से पूँछे जाने पर संदेहियों द्वारा घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाजर्ब (लाठी-डन्डा) जप्त किया गया हैं।

#### जप्त सामग्री -

पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाजर्ब 03 लाठी-डन्डा जप्त किये गये हैं।

#### गिरफ्तार आरोपी -

1. निशु उर्फ हिमांशु राय पिता अनिल राय उम्र 24 वर्ष
2. अंकुश उर्फ सत्यम राय पिता रज्जन राय उम्र 24 वर्ष निवासी
3. पप्पू उर्फ विजय शंकर राय पिता सूरज प्रसाद राय उम्र 33 साल
4. संतू उर्फ सत्तू उर्फ अमन पिता शिवचरण राय उम्र 29 वर्ष
5. बिष्णु पिता सूरज प्रसाद राय उम्र 29 वर्ष सभी निवासी ग्राम टूडा थाना शाहनगर जिला - पन्ना (म.प्र.)

#### सराहानीय योगदान -

कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पवई राजेन्द्र मोहन दुबे, थाना प्रभारी शाहनगर उनि. मनोज यादव, चैकी प्रभारी बोरी उनि संतोष मसराम,सउनि शिवेन्द्रसिंह,अवधराज सिंह, प्र.आर. कृष्णकान्त, अजय, आर. दिनेश, रविन्द्र, राकेश, दीपक मिश्रा एवं सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

## आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के कल्दा श्यामगिरी में जल संकट के कारण मवेशियों को पानी की समस्या

**पन्ना।** पन्ना जिले के शाहनगर विकासखंड अंतर्गत कल्दा श्यामगिरी क्षेत्र के लोग भीषण जल संकट से गुजर रहे हैं। इस क्षेत्र मे पेयजल तथा अन्य सुविधाए विकसित करने के लिए प्रशासन द्वारा वर्षो से करोड़ो रूपये खर्च किये जा रहें है, लेकिन लगता है, उक्त राशि सिर्फ कागजो में दिखाकर जिम्मेवार अधिकारी हड़प रहे है। क्षेत्र के लोगो को शुद्ध पेयजल भी नसीब नहीं हो रहा है, आज भी कल्दा श्यामगिरी क्षेत्र के लोग नाले का पानी दूर कई किलो मीटर से ला कर गंदे पानी से ही अपनी प्यास बुझा रहे है। पीएचई विभाग तथा जल निगम द्वारा गांव गांव पाईप लाईन डालकर टोटीं से पानी देने की योजना चलाई जा रहीं है, लेकिन इस क्षेत्र में उक्त योजना आज तक नहीं पंहुची है, जबकी शाहनगर तहसील अन्तर्गत तेन्दुंघाट बड़ी परियोजना से पाईप लाईन के माध्यम से शुद्ध पेयजल पंहुचाने की योजना पूर्ण बताई जा रही है, लेकिन लोगो को उक्त योजना का लाभ कब मिल पायेगा यह दूर दूर तक नजर नहीं आ रहा है। श्यामगिरी पंचायत भवन के पास एक छोटी सी नदी है जिसमें नहाने धोने हेतू घाट बने हैं, जिसका पानी बेहद दूषित हो चुका है, इसके बावजूद यहां के कुछ लोग इसी पानी में कपड़े साफ करते है, एवं पीने के लिए भी उपयोग करते है। इसी प्रकार का हाल कल्दा एवं अन्य क्षेत्र का है, कुछ हैन्डपंप लगे हुए है लेकिन वह खराब है। पूर्व मे नल जल योजनाओं पर लाखो की राशि खर्च की जा चुकी है। लेकिन ग्रामीणो को शुद्ध पेजयल उपलब्ध नही हो रहा है।



#### इनका कहना है-

कल्दा क्षेत्र में नालों में पानी कम होने से मवेशियों के लिए पानी का संकट माना जा रहा है।

**सुखदेव सिंह, जनपद उपाध्यक्ष पवई**

## खबर संक्षेप

### साईबर अपराधियों ने की 8 लाख की ठगी



छतरपुर। साइबर अपराध के विरुद्ध छतरपुर पुलिस की कार्यवाही निरंतर जारी है, जिसके परिणामस्वरूप फरवरी 2025 में सामने आई एक सैकड़ा से अधिक शिकायतों में छतरपुर साइबर टीम द्वारा 8 लाख से अधिक राशि को होल्ड कराया गया है।पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि आधुनिक युग में साइबर अपराध चलन में है, इससे बचाव हेतु साइबर एडवाइजरी जारी कर लोगों को जागरुक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि माह फरवरी में साइबर अपराधियों द्वारा विभिन्न माध्यमों से वित्तीय धोखाधड़ी की गई थी, जिसकी शिकायतें मिलने पर धोखाधड़ी की राशि को ट्रेस किया गया और संबंधित बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर 8 लाख रुपये से अधिक राशि को होल्ड करवाकर सुरक्षित किया गया है। उक्त राशि अग्रिम कार्यवाही के बाद शिकायतकर्ता के खातों में वापस कराई जाएगी। साईबर अपराध के मामलों में साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक किशोर पटेल और उनकी टीम सराहनीय कार्य कर रही है।

### खराब हुआ नरसिंह मंदिर का हैंडपंप



छतरपुर। शहर के पन्ना रोड पर स्थित नरसिंह मंदिर का हैंडपंप पिछले काफी दिनों से खराब पड़ा हुआ है, जिसकी शिकायत नगर पालिका में की गई लेकिन अभी तक सुधार न होने से मंदिर आने वाले भक्तों को परेशानी हो रही है। मंदिर के पुजारी पं. रविकांत मिश्रा ने बताया कि चूंकि मंदिर में शहर के लोगों की विशेष आस्था है, जिसके चलते हर रोज हजारों की संख्या में भक्तों का आना होता है। मंदिर में लगा हैंडपंप खराब होने के कारण भक्तों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि मंदिर में पूजा तक के लिए जल उपलब्ध नहीं है, बाहरी जलस्रोतों से व्यवस्था बनानी पड़ रही है। वहीं पार्षद दिनेश तिवारी ने बताया कि हैंडपंप खराब होने की जानकारी वे नगर पालिका में दे चुके हैं लेकिन नगर पालिका के कर्मचारी एक-दूसरे पर बात टाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे हैंडपंप को ठीक कराने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं लेकिन छतरपुर नगर पालिका की लचर कार्यशैली के कारण सुधार कार्य में देरी हो रही है।

### भीषण सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल



घुवारा। क्षेत्र के स्वारा गांव के पास बीती शाम दो बाइक की आपसी भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गम्भीर रूप से घायल है। बताया गया है कि रविवार की देर शाम ग्राम पनया निवासी मनोज आदिवासी अपने साथी रामजी आदिवासी के साथ बाइक से कुटौरा गांव की ओर जा रहा था, तभी शासकीय प्राथमिक शाला स्वारा के पास सामने से आ रही बाईक से उसकी भिड़ंत हो गई। दूसरी बाईक पर घुवारा का ही रहने वाला राहुल अहिरवार सवार था। घटना में मनोज की मौके पर ही मौत हो गई जबकि रामजी आदिवासी गंभीर रूप से घायल हुआ है। घटना के बाद घुवारा चौकी के पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल पहुंचाया। वहीं पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि एक माह पहले ही मनोज की स्टेट बैंक में नौकरी लगी थी।

### लुटेरी दुल्हन और दलाल के खिलाफ दर्ज हुआ मामला



हरपालपुर। नगर के वार्ड नंबर 11 में शादी के 14 दिन बाद गहने और नगदी लेकर फरार होने वाली दुल्हन और शादी कराने वाले दलाल के खिलाफ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में एक विशेष टीम का गठन किया है, जो संभावित स्थानों पर दबिश देकर गिरोह के सदस्यों को पकड़ने का प्रयास कर रही है। मामले के फरियादी राजा कॉलोनी निवासी संदीप पुत्र हरनारायण मिश्रा ने बताया कि 10 जनवरी को सूरजपाल ब्राह्मण और लल्लू ब्राह्मण दोनों पिता-पुत्र निवासी थाना गोहांड जिला हमीरपुर उत्तरप्रदेश अपने अन्य साथी भगवत पुत्र पट्टेदार पाठक निवासी महोबकंठ जिला महोबा उत्तरप्रदेश, सुरेश रावत, शीला बाई पत्नी बाबूलाल रावत (सौर) निवासी धवारी थाना जतारा जिला टीकमगढ़ उसके घर आए थे। उक्त लोगों ने शीला बाई की पुत्री रागनी (कथित नाम) का संदीप के साथ विवाह कराने का प्रस्ताव रखा। बातचीत के शादी तय हो गई और संदीप के पिता ने दोनों पक्षों का खर्च उठाकर उत्तरप्रदेश के राठ में स्थित श्यामला देवी मंदिर से विवाह संपन्न कराया।

## कलेक्टर ने जनपद सीईओ को सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण कराने के दिए निर्देश

# मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में किसानों के मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनवाएं: कलेक्टर





छतरपुर।

कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल प्रकरणों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे, सहायक कलेक्टर काजोल सिंह सहित डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ एवं विभागीय जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री जैसवाल ने सीएम हैल्पलाईन, पीएम विश्वकर्मा, डुप्लीकेट समग्र, भू अर्जन, गिरदावरी, फसल उपार्जन, समग्र ई केवायसी, आयुष्मान कार्ड सहित फॉर्मर रजिस्ट्री एवं अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा की।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने सीएम हैल्पलाईन की फरवरी 2025 माह की ग्रेडिंग में विभागवार समीक्षा करते हुए पीडब्ल्यूडी, कृषि विभाग, पिछडा वर्ग, महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग को लंबित शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक बंद कराने के लिए निर्देशित किया गया और राजस्व की तहसीलवार शिकायतों में तहसील गौरिहार, घुवारा, नौगांव, राजनगर, चंदला को भी सुधार के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने 1 हजार दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों में आगामी टीएल तक पत्राचार करके शीघ्र बन्द कराने के लिए निर्देशित किया एवं 50 दिवस से अधिक की शिकायतों में राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग को विशेषरूप से शिकायतें बन्द कराने के लिए निर्देशित किया। साथ ही ईई पीएचई को ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत कंट्रोल रूम बनाकर शिकायतों को निरंतररूप से बन्द कराने के लिए निर्देशित किया एवं कृषि एवं खनिज विभाग को एक-एक शिकायतकर्ता से बात कर शिकायत बन्द कराने के लिए कहा। कलेक्टर ने जनपदों के सीईओ को अपनी शिकायतों को प्राथमिकता से बन्द कराने के निर्देश दिए।

### आधार कार्डों की जानकारी उपलब्ध कराएंगे लोकसेवा प्रबंधक

कलेक्टर श्री जैसवाल ने 1 महीने में बने नवीन एवं सुधार हुए आधार कार्डों के डाटा की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए लोकसेवा प्रबंधक को निर्देशित किया। कलेक्टर ने सभी सीईओ एवं सीएमओ को पीएम विश्वकर्मा के लेबिल 1 पर लंबित आवेदनों में प्रगति अत्यंत न्यून होने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री जैसवाल ने डुप्लीकेट समग्र में विलोपन के लिए लगभग 11 हजार शेष होने पर निराकरण के लिए निर्देशित किया।

### ठीक से निराकरण न करने पर खनिज अधिकारी को नोटिस

कलेक्टर ने खनिज अधिकारी को टीएल प्रकरण का निराकरण ठीक से न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने कहा कि प्रारम्भ की गई नवीन मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में किसानों के मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनवाएं। कलेक्टर ने खाद्य सुरक्षा विभाग की समीक्षा में किए गए परीक्षणों में फैल हुए 13 कैसेस को एडीएम न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए कहा और शेष राशि की वसूली की कार्यवाही के लिए एडीएम को निर्देशित किया। कलेक्टर ने निजी हॉस्टलों का निरीक्षण कर जांच प्रतिवेदन भेजने के लिए निर्देशित किया एवं स्कूल शिक्षा विभाग की धीमी प्रगति के कारण और संतुष्टिपूर्वक जवाब ने देने पर जिला शिक्षा अधिकारी की इस माह की भी वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने समग्र ई केवायसी में खराब प्रगति पर जनपद सीईओ छतरपुर, राजनगर, नौगांव, बक्सवाहा को एवं 70 प्लस आयुष्मान कार्ड में खराब प्रगति पर जनपद सीइओ छतरपुर को सुधार के लिए निर्देशित किया। साथ ही कलेक्टर ने फॉर्मर रजिस्ट्री अन्तर्गत फॉर्मर आईडी की समीक्षा की जिसमें लवकुशनगर, बिजावर, चंदला, छतरपुर ग्रामीण को प्रगति बढाने के निर्देश दिए।

### हरपालपुर सीएमओ और डीआरसी को दिया गया नोटिस, आयुष अधिकारी का कटेगा वेतन

कलेक्टर ने हरपालपुर सीएमओ को बिना सूचना के बैठक में अनुपस्थित होने पर शोकॉज जारी करने एवं आयुष अधिकारी को बिना सूचना के बैठक से जाने पर 1 दिन का अवैतनिक किए जाने के लिए निर्देशित किया। टीएल में अद्यतन जानकारी दर्ज न होने पर डीआरसी को भी शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए।

### जानकारी अद्यतन के लिए पीडब्ल्यूडी एनएच को दिए निर्देश

कलेक्टर ने भू अर्जन में नौगांव अंतर्गत हरपालपुर वायपास के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए जानकारी अद्यतन के लिए पीडब्ल्यूडी एनएच को निर्देशित किया। इसके अलावा कलेक्टर ने लंबित भू अर्जन में राष्ट्रीय राजमार्ग के सागर-कवरई (पैकेज 3) की समीक्षा की। कलेक्टर ने गिरदावरी में डिजीटल क्रोप सर्वे, रबी उपार्जन 2025-26 की समीक्षा करते हुए उपार्जन में विशेषरूप से घुवारा, बिजावर, गौरिहार, चंदला के राजस्व अधिकारियों को सत्यापन पूर्ण कराने के निर्देश दिए।



**इस वर्ष रामनवमीं की शोभायात्रा में दिखेगी बुंदेली संस्कृति**

## हनुमान टौरिया पर ध्वजारोहण के साथ आज होगा तैयारियों का आगाज

**छतरपुर।** हिन्दू समाज के बड़े त्यौहारों में से एक रामनवमीं पर्व की तैयारियों का आज हनुमान टौरिया मंदिर में ध्वजारोहण के साथ आगाज होगा। जिला मुख्यालय पर रामनवमीं के दिन शोभायात्रा निकालने वाली श्रीराम सेवा समिति ने सोमवार को शहर के लड्डू गोपाल मंदिर में पत्रकारवार्ता का आयोजन किया, जिसमें आयोजन की विस्तृत जानकारी दी गई। समिति के पंकज पहारिया ने बताया कि इस वर्ष की शोभायात्रा में बुंदेली संस्कृति और भगवान के 10 अवतारों की झांकियां प्रमुख आकर्षण होंगी। इसके अलावा शोभायात्रा की भव्यता भी गत वर्षों की तुलना में बढ़ाने का प्रयास समिति द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष शहर के 5 स्थान- महल तिराहा, छत्रसाल चौक, पठापुर तिराहा, फब्बारा चौक और हटवारा पर शहर की मातृशक्ति द्वारा महाआरती की जाएगी, जिसमें सभी समाज की महिलाएं शामिल रहेंगी। श्रीराम सेवा समिति के संयोजक राकेश तिवारी ने बताया कि आज यानि की 18 मार्च को प्रातः साढ़े 7 बजे हनुमान टौरिया मंदिर में ध्वजारोहण के साथ आयोजन की तैयारियों का आगाज होगा। 24 मार्च को गल्ला मंडी के रामचरित मानस मैदान में कार्यालय का उद्घाटन होगा, जबकि 30 मार्च से रामनवमीं तक प्रतिदिन प्रभात फेरी निकलेगी। इस वर्ष प्रभात फेरी की जिम्मेदारी प्रतिदिन अलग-अलग समाज के प्रतिनिधि संभालेंगे। समिति ने शहरवासियों से अपने-अपने घरों की दीपावली की तरह साज-सज्जा करने और रामनवमीं के दिन अपने-अपने द्वार पर रंगोली बनाने की अपील की है। इस मौके पर समिति के अखिलेश डालडे मातेले, प्रशांत महतों, प्रमोद सोनी, रामजी गुप्ता, अभिलेख खरे सहित सभी सदस्यगण, गणमान्य नागरिक और रामभक्त उपस्थित रहे।

# सफलता को सिर पर ना चढ़ाएं, निरंतर प्रयास करते रहें: कलेक्टर

## ओलम्पियाड जिला स्तरीय सम्मान समारोह में विद्यार्थी एवं शिक्षक हुये सम्मानित

छतरपुर।

राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जिला शिक्षा केंद्र छतरपुर द्वारा स्थानीय शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. क्रमांक 1 छतरपुर के सभाकक्ष में कलेक्टर पार्थ जैसवाल एवं सी.ई.ओ. जिला पंचायत तपस्या परिहार के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिला स्तर पर चयनित कक्षावार एवं विषयवार प्रथम स्थान प्राप्त 32 विद्यार्थियों को ट्रैकसूट, कैप, स्कूल बैग, पानी बोतल, लंच बॉक्स, ज्योमेट्री बॉक्स, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र तथा विद्यार्थियों के मार्गदर्शी शिक्षकों को भी स्मृति व प्रमाण पत्र वितरित किये गये।






कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने उपस्थित छात्र, अभिभावक एवं मार्गदर्शी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहां कि जिला स्तरीय ओलम्पियाड में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर निश्चित रूप से आप बधाई के पात्र है परन्तु इस सफलता को सिर पर न चढ़ाए और निरन्तर प्रयास करते रहे भविष्य की सभी परीक्षाओं में अब्बल स्थान प्राप्त करते हुए जीवन में सफलता अर्जित करें। सी.ई.ओ. जिला पचायत तपस्या परिहार ने सभी बच्चों को सुखद एवं सफल भविष्य हेतु मंगल कामनाये प्रदान करते हुए शिक्षकों से विद्यालय के सार्वजनिक कार्यक्रम एवं पी.टी.एम. बैठक में इन बच्चों की चर्चा करते हुए सभी बच्चों एवं अभिभावकों को प्रोत्साहित किया जायें। डी.पी.सी. अरूण शंकर पाण्डेय ने कहां कि शिक्षकों द्वारा इन बच्चों का विशेष ध्यान रखा जाये, और इनके मार्गदर्शी शिक्षक इन बच्चों को तराशते हुए इन्हें आगे बढ़ाने हेतु सभी संभव प्रयास करें। उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एस.के. उपाध्याय ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इसके पश्चात कलेक्टर के साथ सभी छात्र/छात्राओं की ग्रुप फोटो ली गई। समारोह के दौरान बच्चों, अभिभावकों एंव शिक्षकों द्वारा मंच से अपने अनुभव साझा किए गए। ए.पी.सी. अकादमिक नीरज खरे ने बताया कि राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार सत्र 2024-25 में 24 दिसंबर 2024 को जन शिक्षा केंद्र स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें जिले में कक्षा 2 से आठवीं तक के 36697 विद्यार्थियों ने सहभागिता की थी। इनमें से 22 एवं 23 जनवरी 2025 को आयोजित जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में 4696 विद्यार्थी शामिल हुए थे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कक्षावार एवं विषयवार चयनित 32 विद्यार्थियों को, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों की उपस्थिति में जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।

### राज्य स्तर पर यह बच्चे होंगे शामिल

ओलम्पियाड जिला स्तरीय सम्मान समारोह के पश्चात राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल के द्वारा 20 एवं 21 मार्च 2025 को राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलम्पियाड सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिले के 07 छात्रों का चयन हुआ जिसमें जिले से आशी पाल, अभिराज सिंह यादव, दीक्षा द्विवेदी,सृष्टी पटेल, प्रज्ञा जाटव, आर्या तिवारी एवं अनुश्री मिश्रा को सम्मानित किया जायेगा। जिला स्तर से 07 छात्र उनके अभिभावक एवं मार्गदर्शी शिक्षक भोपाल जायेंगे। इन 07 विद्यार्थियों के चयन होने से प्रदेश स्तर पर छतरपुर जिले का नाम रोशन हुआ है। जिला स्तरीय ओलम्पियाड प्रतियोगिता में अनुश्री मिश्रा, शासकीय उ.मा.वि. झमटुली के गणित, संस्कृत, हिन्दी एवं अंग्रेजी चार विषयों में प्रथम रही, इसी प्रकार आस्था उपाध्याय, नवीन माध्यमिक शाला मनकारी गणित एवं हिन्दी एवं ओम नारायण अग्रवाल मॉडल स्कूल बड़ामलहरा ने सा.विज्ञान एवं विज्ञान में प्रथम रहे हैं। जिला स्तरीय सम्मान समारोह में डी.पी.सी. अरूण शंकर पाण्डेय, जिला नोडल अधिकारी ए.पी.सी. अकादमिक नीरज खरे, बी.ए.सी. संजय कुमार चतुर्वेदी, संकुल सह-समन्वयक जय नारायण खरे,सी.ए.सी. रूचि सिंह परिहार, दानबहादुर पटेल, हरिओम सेन का सहयोग रहा।

## चपरन गांव के ग्रामीणों में दौड़ी खुशी की लहर, लंबे समय से कर रहे थे विरोध

# रेल लाइन के दोहरीकरण हेतु जमीन खरीदेगा



हरपालपुर।

झाँसी-मानिकपुर रेल लाइन के दोहरीकरण का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है लेकिन नौगंव जनपद की ग्राम पंचायत सरसेड़ अंतर्गत आने वाले चपरन गांव के करीब 3 दर्जन मकान इस कार्य में बाधक बन रहे थे। विभाग इस जमीन को अपनी संपत्ति बताकर ग्रामीणों को बेदखल करने की बात करा था, जिसका ग्रामीण लगातार विरोध कर रहे थे। उक्त ग्रामीणों के लिए अब खुशखबरी सामने आई है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अर्जन शाखा द्वारा जारी किए गए एक नोटिस के मुताबिक रेल विभाग को दोहरीकरण कार्य के लिए चपरन गांव के ग्रामीणों को मुआवज़ा देना होगा।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक रेल विभाग द्वारा चपरन गांव के कुल 46 कच्चे-पक्के मकानों को अपनी सीमा में बता कर गत वर्ष नोटिस जारी किए गए थे, जिसके बाद से ग्रामीणों को बेघर होने का डर सता रहा था। ग्रामीणों ने कलेक्टर और सागर कमिश्नर को शिकायत आवेदन दिए और राजस्व के खसरा में दर्ज उनकी जमीनों का मुआवजा दिलाने की मांग की। इस शिकायत को लेकर चपरन के ग्रामीण पिछले एक साल से लड़ाई लड़ रहे थे। शिकायत के आधार पर कलेक्टर ने राजस्व और रेल विभाग के अधिकारियों से संयुक्त सर्वे कराया। रेल विभाग के नक्शे और राजस्व के नक्शे के आधार पर माप कराई गई, जिसमें ग्रामीणों के मकान राजस्व भूमि पर पाए गए। राजस्व तथा लोक निर्माण विभाग ने मकानों की सरंचना, निर्माण सामग्री और आकार के आधार पर बाज़ार के मूल्य के अनुसार मुआवजे की राशि तय की है। मुआवज़े के लिए ग्रामीणों को कलेक्टर कार्यालय की भू-अर्जन शाखा से नोटिस जारी किया गया है, जिसके अनुसार मकान मालिकों से आवश्यक दस्तावेज लिए जाएंगे ताकि मुआवज़े के भुगतान में देरी न हो। वहीं चपरन गांव के किसान उदयभान भदौरिया ने बताया कि उनकी 13 आरे ज़मीन दोहरीकरण में जा रही है लेकिन उन्हें मुआवजे के भुगतान के लिए कोई नोटिस नहीं मिला है।

## अवैध हथियारों के साथ पकड़े गए दो बदमाश

## बमीठा और ओरछा रोड थाना पुलिस ने की कार्रवाई



छतरपुर।

सोमवार को जिले के बमीठा और ओरछा रोड थाना पुलिस द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में अवैध हथियारों के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों बदमाशों के विरुद्ध संबंधित थानों में अपराध पंजीबद्ध किए गए हैं। बमीठा पुलिस ने पकड़े गए युवक के अलावा एक अन्य युवक को भी आरोप बनाया है, जिसने अवैध हथियार का विक्रय किया था, हालांकि अभी उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

बमीठा थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय ने बताया कि ग्राम पीरा के सगुनियन पीरा के पास एक युवक के पास अवैध हथियार होने की सूचना मिली थी। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो संदेही ने भागने का प्रयास किया। उसे रोक कर तलाशी ली गई तो 315 बोर का देशी कट्टा एवं कारतूस मिला, जिसे जप्त कर लिया गया है। पूछताछ में युवक ने अपना नाम राहुल पुत्र दयाल अहिरवार निवासी ग्राम भियांताल बताया और यह भी बताया कि उसने उक्त हथियार गांव के अशोक पुत्र मंगलदीन रजक से प्राप्त किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि राहुल और अशोक के विरुद्ध आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। अशोक रजक की तलाश अभी जारी है। वहीं ओरछा रोड थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि फोरलेन पर ग्राम कैड़ी ब्रिज के पास दिलीप पुत्र मलखान कुशवाहा निवासी ग्राम सडेरी थाना नौगांव, 315 बोर का देशी कट्टा व 2 कारतूस लिए घूम रहा था, जिसकी सूचना मिलने पर उसे पकड़ लिया गया है। दिलीप के विरुद्ध ओरछा रोड थाना में आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

